भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
05.04.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5467 का उत्तर

समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत विश्वस्तरीय स्टेशन

5467. श्री प्रिंस राज:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या समस्तीपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत 15 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जा रहा है जिसमें दरभंगा, बापूधाम, मोतिहारी और सीतामढ़ी स्टेशनों को विश्व स्तरीय स्टेशनों के रूप में उन्नत किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या सरकार का उक्त योजना के तहत समस्तीपुर रेलवे स्टेशन को विकसित करने का विचार है;**

(ग) **यदि हां, तो क्या सरकार महान समाजवादी नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की भूमि और "मिथिला क्षेत्र का प्रवेश द्वार' माने जाने वाले समस्तीपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने पर विचार कर रही है; और**

(घ) **यदि नहीं, तो सरकार की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की स्मृति में उक्त स्टेशन को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने की क्या योजना है?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

समस्तीपुर रेल मंडल के अंतर्गत विश्वस्तरीय स्टेशन के संबंध में 05.04.2023 को लोक सभा में श्री प्रिंस राज के अतारांकित प्रश्न सं. 5467 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना हाल ही में शुरू की गई है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।

इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं जैसे स्टेशनों तक पहुंच में सुधार लाना, परिपथन क्षेत्र, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, आवश्यकता अनुसार लिफ्टों स्वचालित सीढ़ियों/स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणालियों, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यापारिक बैठकों के लिए चिह्नित स्थान, प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लैंडस्केपिंग आदि के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और इन्हें विभिन्न चरणों में कार्यान्वित करना शामिल है।

इस योजना में स्टेशन इमारत में सुधार, शहर के दोनों छोर के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाज़ा' और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर की चरणबद्ध योजना व व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अब तक, इस योजना के अंतर्गत समस्तीपुर मंडल के 20 रेलवे स्टेशनों नामतः समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, जयनगर, मधुबनी, बेतिया, रक्सौल, नरकटियागंज, सुगौली, सकरी, बनमनखी, लहेरिया सराय, सिमरी बख्तियारपुर, बापूधाम, मोतिहारी, घोड़ासहन, जनकपुर रोड, सलौना, दौरम मधेपुरा, सुपौल और सीतामढ़ी सहित 1275 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है।

******

s.k